Chapter- 9

आगे बढ़ना सीखो

STUDY NOTES

MIND MAP



पाठ प्रवेश

आगे बढ़ना सीखो' कविता में कवि बच्चों को आत्मनिर्भर और निर्भीक बनाना चाहते हैं। छोटे-छोटे बच्चे भी जीवन में बहुत कुछ सीख सकते हैं। बच्चे को परिश्रम करने से कभी डरना नहीं चाहिए। रास्ते में आनेवाली रुकावटों से घबराना नहीं चाहिए। आने वाली मुसीबतों का सामना करना चाहिए। बच्चों को शिक्षित होकर सबसे प्रेमपूर्वक रहना चाहिए। जीवन पथ पर बढ़ते हुए निराशा मिले तो उसका हिम्मत से सामना कर बच्चों को आगे बढ़ना होगा। बच्चों को सत्य और अहिंसा का रास्ता अपनाना होगा। सभी बच्चों को एकता के गाने गाने होंगे। सब बच्चों को मिलजुलकर चलना होगा। बच्चों को अपने देश और धर्म से प्यार करो बच्चे दीन-दुखियों के कष्टों को दूर करें। बच्चे शत्रु से डटकर लड़ना सीखें। बच्चे सदा आगे बढ़ते रहें।

पाठ सार

- **जीवन में छोटी छोटी बातों से भी बहुत कुछ सीखा जा सकता है इसमें बहुत खुशी मिलती है।आज के बच्चे इस देश के भविष्य नागरिक हैं। आज के बच्चे बहत होनहार है। बच्चों को हमेशा आगे बढ़ना चाहिए। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए परिश्रम करना जरूरी है। कविता के कवि कहते हैं आज के बच्चों को कभी भी ना डर के मेहनत करना चाहिए। मेहनत का स्वाद मीठा होता है। कोई भी कार्य करते समय यदि बाधा विघ्न आए तो डरना नहीं चाहिए। बिना डर के आगे ही आगे बढ़ना चाहिए ताकि कार्य सही ढंग से समाप्त हो सके। जिन्दगी में मुश्किलें आए तो घबराना नहीं चाहिए। मुश्किलों से लढकर आगे बढ़ना चाहिए। कवि कहते हैं कि जिन्दगी में हमेशा आगे बढ़ना सिखों। अच्छे से पढकर अच्छा संस्कार प्राप्त करके भारत देश के सुयोग्य सन्तान बनो। सबसे मीठी वाणी बोलो। बड़ों**

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

को सम्मान और छोटों को प्यार और स्नेह दो। ममता की डोरी के माध्यम से सबको अपना मान लो।हमेशा अंधकार या अन्याय से लढना सिखों। अन्याय का साथ न देकर हमेशा न्याय के पक्ष में रहो। हमेशा आगे बढ़ना सिखों।हमेशा सही राह पर चलने केलिए प्रयास करो। ह्रदय में सत्य, अहिंसा, शांति, दया, क्षमा, परोपकार की भावनाओं को अपनाओ।एकता में बिस्वास रखो। सब मिलकर एक स्वर में एकता गीत गाओ। सबसे मिलकर एक हो कर चलना सिखो। एकता में बल है।अपने देश और धर्म से प्रेम करना सीखो। गरीब और दिन दुखियों की दुख दर्द को दूर करने के लिए प्रयास करो। हमेशा शत्रु से डटकर लढना सिखो। हे मेरे देश के प्यारे प्यारे बच्चों हमेशा आगे बढ़ना सिखो।